# PS/UM-II/4/103A+B/19

## चतुर्थपत्र

## हिन्दी

**समय: तीन घण्टें** **पूर्णाङ्क 100**

**इस प्रश्न पत्र के दो सेट हैं। किसी एक सेट का उत्तर दीजिए।**

**(सेट - I)**

**अ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(20×2=40)**

1. सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
2. हरिवंश राय 'बच्चन' द्वारा लिखित किन्हीं चार काव्यसंग्रहों के नाम लिखिए ?
3. 'जहाँ पर दाना रहते हैं, वहीं नादान भी होते है' कवि ने ऐसा क्यों कहा ?

**अथवा**

बच्चे किस बात की आशा में नीड़ों से झाँक रहे होंगे ?

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।

(क) वेग (ख) धैर्य

(ग) तमाशबीन (घ) पर

5. 'उड़ने' और 'खिलने' का कविता से क्या सम्बंध बनता हैं ?
6. 'कैमरे में बंद अपाहिज' कविता में किसका साक्षात्कार किया गया है ?



Scanned by CamScanner

7. 'अस्थिर सुख पर दुःख की छाया' पंक्ति में दुःख की छाया किसे कहा गया है?

अथवा

कुंभकर्ण ने रावण से क्या कहा?

8. छोटे चौकोने खेत कागज का पन्ना क्यों कहा गया है?

9. भक्तिन का नाम क्या था?

10. लगान नहीं मिलने पर जमींदार ने भक्तिन को क्या दण्ड दिया?

11. पर्चेजिंग पावर किसे कहते हैं?

12. बाजार को सार्थकता कौन देता है?

अथवा

इंदर सेना की दो विशेषताएँ लिखिए।

13. निम्नलिखित लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(क) तीसो दिन अमावस

(ख) न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी

14. निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची लिखिए।

(क) जल

(ख) आग

15. पहलवान और उसके गुरू का नाम लिखिए।



Scanned by CamScanner

16. गर्मी में उत्पन्न होने वाले दो फूलों के नाम लिखिए।

**अथवा**

जाति प्रथा का मूल आधार क्या है?

17. यशोधर बाबू किस पद पर कार्यरत थे?

18. सिल्वर वैडिंग किस शहर की कहानी है?

**अथवा**

मंत्री नामक मास्टर की क्या विशेषता थी?

19. हड़प्पा संस्कृति की दो विशेषतायें लिखिए।

20. किट्टी कौन थी?

**ब. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (8×5=40)**

21. 'आत्म परिचय' अथवा 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

**अथवा**

ढोलक की आवाज का पूरे गाँव पर क्या असर होता था?

22. 'फिराक गोरखपुरी' अथवा 'महादेवी वर्मा' का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिए।

23. लेखक को किट्टी को सम्बोधित करते हुए डायरी लिखने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई?

24. यशोधर बाबू के विचार पूरी तरह से पुराने हैं और वे सहानुभूति के पात्र नहीं है कैसे?

**अथवा**

बादलों के आगमन से प्रकृति में होने वाले परिवर्तन को लिखिए।

25. सन्दर्भ निर्देश पूर्वक व्याख्या कीजिए।

'मुझसे मिलने को कौन विकल ?
मैं होऊँ किसके हित चंचल ?
यह प्रश्न शिथिल करता पद को,
भरता उर में विह्वलता है।
दिन जल्दी जल्दी ढ़लता है।"

**अथवा**

"तब प्रताप उर राखि प्रभु, जैहऊँ नाथ तुरंत।
अस कहि आयसु पाई पद, बंदि चलेउ स्नुमंत॥
भरत बाहु बल सील गुन, प्रभु पद प्रीति अपार।
मन महुँ जात सराहत, पुनि पुनि पवन कुमार॥

**स. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2×10=20)

26. 'मानस हंस श्रीराम' पत्रिका में अपने लेख छपवाने हेतु संपादक के नाम एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने नगर में फैली गन्दगी का वर्णन करते हुए उसकी सफाई के सन्दर्भ में क्षेत्रीय निगम पार्षद को एक पत्र लिखिए।

27. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(क) सत्संगति (ख) रेलयात्रा

(ग) भारतवर्ष (घ) अनेकता में एकता



Scanned by CamScanner

**(सेट - II)**

**अ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (20×2=40)

1. जयशंकर प्रसाद द्वारा लिखित चार काव्य कृतियों के नाम लिखिए।

2. सरोज के विवाह की दो विशेषतायें लिखिए।

**अथवा**

ठग ठाकुरों से कवि का क्या तात्पर्य है?

3. तार सप्तक के संपादक कौन हैं?

4. रघुवीर सहाय को किस पुस्तक के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार दिया गया था?

5. कठिन काव्य का प्रेत किस कवि को कहते हैं?

6. प्रेमधन का पूरा नाम क्या है?

**अथवा**

बालक ने पुरस्कार में क्या मांगा?

7. ब्रजमोहन व्यास का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

8. दक्षिण भारत से प्रयाग संग्रहालय के लिए व्यास जी क्या ले आए थे?

9. संवदिया की दो विशेषतायें लिखिए।

10. नट ने माता मरियम को प्रसन्न करने के लिए क्या किया?



Scanned by CamScanner

11. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।

(क) पाथेय

(ख) पृथा

(ग) आमूल

(घ) स्तब्ध

12. यास्सेर अराफात ने लेखक को किस चीज की चाय पिलाई?

13. अमझर से क्या तात्पर्य है?

**अथवा**

आधुनिक भारत के नये शरणार्थी किसे कहा गया है?

14. कवि ने अपनी पुत्री का तर्पण किस प्रकार किया?

15. पहाड़ पर चढ़ने के लिए उपयोग में आने वाले किन्हीं चार साधनों के नाम लिखिए।

16. मिठुआ के रोने का कारण क्या था?

17. जल में होने वाले चार पुष्पों के नाम लिखिए?

**अथवा**

कोइयां किसे कहते हैं?

18. निम्नलिखित के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(क) हवा

(ख) रात्रि



Scanned by CamScanner

19. यमुना और चंबल का संगम कहाँ पर हुआ है?

20. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्य मे प्रयोग कीजिए।

(क) कान काटना

(ख) जुमलेबाजी करना

**ब. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(5×8=40)**

21. 'मैं तुम्हारा प्रतिद्वन्दी या हिस्सेदार नहीं' से कवि का क्या तात्पर्य है?

**अथवा**

राम की वस्तुओं को देखकर माता कौशल्या कैसा अनुभव करती है?

22. लेखक के अनुसार स्वातंत्र्योतर भारत की सबसे बड़ी ट्रेजडी क्या है?

23. मानव सम्बंधों से परे साहित्य नहीं है। इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

यूरोप और भारत की पर्यावरण सम्बंधी चिन्तायें किस प्रकार भिन्न हैं?



Scanned by CamScanner

24. 'यह फूस की राख नहीं, उसकी अभिलाषाओं की राख थी।' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

**अथवा**

गरमी और लू से बचने के उपायों का विवरण दीजिए।

25. सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

यह तन जारौं छार के, कहौ कि पवन उड़ाउ।

मकु तेहि मारग होइ परौं, कंत धरै जहं पाउ॥

**स. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** (2×10=20)

26. दैनिक जागरण समाचार पत्र के माध्यम से अपने छोटे भाई विपिन द्विवेदी के शादी हेतु एक विज्ञापन दीजिए।

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य के पास शुल्क माफ करने के लिए एक आवेदन पत्र लिखिए।

27. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।

(क) यदि मैं भारत का प्रधानमंत्री होता

(ख) क्रिकेट मैच

(ग) आपके प्रिय नेता

(घ) वसन्त पंचमी



Scanned by CamScanner